-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के समस्त थानों पर की गयी शान्ति समिति बैठक।**
- **सभी धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में की गयी वार्ता। साथ ही लिये गये सभी के सुझाव । सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर रखी जा रही है कड़ी नजर।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के समस्त थानों पर की गयी शान्ति समिति बैठक। सभी धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली आदि को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी साथ ही सभी के सुझाव लिये गये। बैठक में सभी से आगामी त्यौहारो को शान्ति पूर्वक एवं परम्परागत तरीके से मनाने हेतु अपील की गयी साथ ही किसी नई धार्मिक परम्परा को बिना अनुमति शुरु न करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । अफवाहों पर ध्यान ना दें। किसी भी प्रकार की समस्या/घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।